Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:41 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 266 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली...पेज-3 पर

## नैनीताल जिले के 18 पोलिंग बूथों की सूचना वायरलैस सेट मिलेगी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के 18 पोलिंग बूथ ऐसे हैं जहां मोबाइल नेटवर्किंग की सुविधा नहीं। ऐसे बूथों पर वायरलैस सेट की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा दूरस्थ क्षेत्रों वाले 40 मतदान केंद्रों के लिए अतिरिक्त ईवीएम मुहैया कराई गई है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम वंदना सिंह ने दी। गुरवार को एमबी पीजी कालेज में बने मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीएम वंदना ने कहा कि जिले के 1010 पोलिंग बूथों पर मतदान होगा। इन बूथों पर 4490 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है, इनमें 22 महिला मतदान कार्मिक शामिल हैं। जिले की छह विधानसभाओं में छह सखी बूथ बनाये गये हैं। इतने ही आदर्श बूथ बनाये गये हैं। पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए 429 वाहन लगाये गये हैं, इनमें 265 बस, 165 छोटे वाहन शामिल हैं, रिजर्व में 57 वाहन रखे गये हैं। 505 बूथों पर वेबकास्टिंग को कैमरे लगा दिये गये हैं। जिले में 201 वर्नेबल व 103 क्रिटिकल बूथ हैं। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए भारी फोर्स तैनात किया गया है। इनमें 18 इंस्पेक्टर, 105 दरोगा, 60 वन दरोगा, 286 हेड कांस्टेबल, 704 कांस्टेबल, 1560 होमगार्डों के अलावा दो कंपनी पीएसी व सात कंपनी सीएपीएफ शामिल हैं।



### 7014 शस्त्र जमा कराए

डीएम वंदना सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में 7014 शस्त्र जमा कराये गये हैं, जो कुल शस्त्रों का 90 प्रतिशत हैं, 10 प्रतिशत शस्त्र जरूरत के हिसाब से लाइसेंस धारी के पास है। इसकी अनुमति दी गई है।

**इन दस्तावेजों से भी दे सकेंगे वोट:** डीएम वंदना ने बताया कि वोटर आइडी कार्ड न होने की स्थिति में मतदाता मतदान करने के लिए विकल्प के तौर पर उपयोग कर सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक व डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक, श्रम विभाग का कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र व राज्य सरकार, निजी संस्थानों से जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र आदि शामिल हैं।

## अब मेरी बारी!

**हल्द्वानी।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान कल होगा। प्रचार के दौरान प्रत्याशियों ने लोकलुभावन वायदे, जनता की मेहनत की कमाई से जमा किये गये टैक्स से सुविधाएं तथा अनेक चीजें मुफ्त में बांटने का लालच दिया है। केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर वोट मांगा है। सात चरणों में मतदान होना है। पहले चरण में उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी। मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच ही नजर आ रहा है। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय, पंचायत आदि सभी चुनाव में कांग्रेस व भाजपा के उम्मीदवार एक-दूसरे से भिड़ते रहे हैं। क्षेत्रीय और जातिवादी राजनीतिक दल किसी भी चुनाव में दम नहीं दिखा सके। इस बार निर्दलीय प्रत्याशियों ने दो-तीन सीटों पर जोर दिखाने का प्रयास किया है। स्थानीय मुद्दों पर निर्दलीय चुनाव जीतने की उम्मीद लगाये हुए हैं। स्थानीय मुद्दों को लेकर निर्दलीय भीड़ जुटाने में कामयाब रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी डबल इंजन की सरकार में उत्तराखंड के विकास और प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को मुद्दा बनाकर चुनाव की वैतरणी पार करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने उत्तराखंड में त्रिकोणीय मुकाबला बनाने के लिए ऐंडी-चोटी का जोर लगाया था। आम आदमी पार्टी ने भाजपा व कांग्रेस को उत्तराखंड के पिछड़ा होने का जिम्मेदार ठहराते हुए सब्जबाग दिखाये थे। कांग्रेस के अनेक नेता दलबदल करके आम आदमी पार्टी में शामिल हो गये थे। चुनाव नतीजे आने पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जमानत तक नहीं बचा सके। अब आम आदमी पार्टी और क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को समर्थन देने का ऐलान कर रहे हैं। वर्तमान में राज्य की पांचों लोकसभा सीटें भाजपा के कब्जे में हैं और पुनः जीतने का दावा किया जा रहा है। कांग्रेस ने प्रत्याशियों की घोषणा में देरी करके भाजपा को बढ़त दी। इसके बाद कांग्रेस में भगदड़ जैसी मच गई और दलबदल से कांग्रेस के सामने विषम परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं। कांग्रेस हाईकमान की पूरी कोशिश है कि इस बार राज्य की पांचों सीटों में सेंध लगाकर खाता खोलने में कामयाबी मिले। मतदाता जागरूक है। इसका जीता-जागता सबूत है कि पर्वतीय क्षेत्र के कई गांव में विकास नहीं होने पर चुनाव बहिष्कार के लिए लोग मुखर होकर सामने आये, हालांकि उम्मीदवारों ने एक बार फिर वायदा किया कि चुनाव जीतने के बाद विकास करेंगे। अधिकतर मतदाता चुनाव का शोर धैर्य से सुनते रहे और खामोश रहे। अब मतदाता की बारी है और ईवीएम में अपना निर्णय सुरक्षित करेगा।

– साकेत अग्रवाल

News कॉर्नर

### आईडी का इस्तेमाल की फर्जी वित्तीय लेन देन करने का आरोप

**हल्द्वानी।** निजी आईडी का प्रयोग क धोखाधड़ी से फर्जी वित्तीय लेन देन करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग पुलिस से की गई है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। अनुकृति अंबिका विहार फेस 2 निकट आम्रपाली होटल निवासी आदित्य गुप्ता पुत्र दिलीप गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसने होम लोल लेने के लिए अपना सिविल स्कोर निकाला तो उसे जानकारी हुई कि उसके खाते से फर्जी तरीके से वितितीय लेन देन हुआ है।

उसके खातों से निजी पहचान पत्र का प्रयोग कर कुछ वित्तीय संस्थाओं को लोन दिया गया है। पीड़ित का कहना है कि उसने इन वित्तीय संस्थाओं का नाम तक नहीं सुना है और ना ही इनसे किसी तरह का लोन लिया है। धोखाधड़ी के बाद से ही वह मानसिक तनाव के दौर से गुजर रहा है। पीड़ित जालसाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग से नारायण राणे को टिकट

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की एक और सूची

मुंबई
एजेंसी

नारायण राणे ने 2005 में शिवसेना से बगावत की थी। हालांकि, राणे ने शिवसेना के साथ अपने सियासी सफर की शुरुआत की थी। तीन जुलाई 2005 को वह कांग्रेस में शामिल हो गए। 2017 में उन्होंने कांग्रेस को भी अलविदा कह दिया और अपनी पार्टी महाराष्ट्र स्वाभिमान पक्ष बनाई और भाजपा के समर्थन से राज्यसभा पहुंचे। अंत में उन्होंने अक्तूबर 2019 में अपनी पार्टी का भाजपा में विलय कर दिया।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की एक और सूची जारी कर दी गई है। सूची में महाराष्ट्र की एक लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवार का एलान किया गया है। भाजपा की ओर से जारी सूची के मुताबिक, इस बार रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट से नारायण राणे चुनावी मैदान में होंगे।

रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट पर केंद्रीय मंत्री राणे का मुकाबला विनायक राऊत से होगा। विनायक इस सीट से मौजूदा सांसद हैं। उन्हें शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) एक फिर से चुनावी मैदान में उतारा है। भाजपा अब तक इस सीट से चुनाव नहीं लड़ती थी। राणे के बेटे नीलेश राणे इस सीट से 2009 में कांग्रेस के टिकट पर जीतकर आए थे।




### नारायण राणे का सियासी सफर

नारायण राणे ने 2005 में शिवसेना से बगावत की थी। हालांकि, राणे ने शिवसेना के साथ अपने सियासी सफर की शुरुआत की थी। साल 1968 में केवल 16 साल की उम्र में ही नारायण राणे युवाओं को शिवसेना से जोड़ने में जुट गए। शिवसेना में शामिल होने के बाद नारायण राणे की लोकप्रियता दिनों-दिन बढ़ती चली गई। युवाओं के बीच नारायण राणे की ख्याति को देखकर शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे भी प्रभावित हुए। उनकी संगठन की क्षमता ने उन्हें जल्द ही चेंबूर में शिवसेना का शाखा प्रमुख बना दिया।

## 120 पव्वे देशी शराब समेत एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने क्षेत्र से एक युवक को देशी शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

लोकसभा मतदान को देखते हुए मदिरा की समस्त दुकानें बंद हैं लेकिन इसके बाद भी तस्कर खुलेआम शराब की तस्करी करने में लगे हुए हैं। मंगलपड़ाव क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री की सूचना मंगलपड़ाव चौकी पुलिस को मिली जिसके बाद पुलिस ने आँचल डेरी वाली लाइन में शराब बेच रहे एक युवक को धर दबोचा। उसके पास से 120 पव्वे देशी शराब बरामद हुई है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम उदय सिंह बिष्ट निवासी शिव पुरम कमलुवागांजा रोड मुखानी बताया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर सरकारी भूमि पर कब्जा, सीओ बोले- होगी कार्रवाई

खटीमा
हमारे संवाददाता

भारत-नेपाल बॉर्डर के पास सरकारी जमीन पर मकान बना रहे व्यक्ति पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामला सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील होने के चलते इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है।

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सरकारी जमीन पर मकान बना रहे व्यक्ति पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामला सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील होने के चलते इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, नेपाल सीमा के पास वन महोलिया और सिसैया मेलाघाट रोड के मध्य से नेपाल व यूपी को जाने वाली सडक के किनारे सिसैया, मेलाघाट निवासी जुल्फीकार पुत्र अकबर अली मकान बना रहा था।

16 अप्रैल को मेलाघाट क्षेत्र से लौटते समय झनकईया थाना पुलिस ने जुल्फीकार से जमीन के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन वह वैध कागजात नहीं दिखा सका। उक्त स्थान के सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील होने के चलते पुलिस ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह जमीन सरकारी है। पुलिस के मुताबिक, वह सरकारी भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य कर रहा था। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि वह सरकारी संपत्ति में प्रवेश कर विधि विरुद्ध तरीके से अनाधिकृत कब्जा कर निर्माण कार्य कर रहा था। सीओ विमल रावत बोले पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश में 11 हजार से ज्यादा पोलिंग पार्टियां हुई रवाना

देहरादून
हमारे संवाददाता

बुधवार को 703 पोलिंग पार्टियां मतदान संपन्न कराने के लिए रवाना कर दी गई। वहीं, आज 11 हजार से ज्यादा पोलिंग पार्टियां आज अपने गंतव्य को रवाना की जाएंगी।

उत्तराखंड की पांचों सीटों पर कल यानी शुक्रवार को पहले चरण में मतदान होगा। इससे पहले राज्य में चुनाव प्रचार का शोर थम चुका है। प्रदेश में शराबबंदी लागू हो गई है। मतदान संपन्न होने तक शराब की बिक्री और लाने-ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा।

बुधवार को 703 पोलिंग पार्टियां मतदान संपन्न कराने के लिए रवाना कर दी गई। वहीं, आज 11 हजार से ज्यादा पोलिंग पार्टियां अपने गंतव्य को रवाना की जाएंगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया, आज प्रत्याशी केवल डोर-टु-डोर प्रचार कर सकेंगे। चुनाव के लिए जनपद चमोली में 544 पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों की लिए रवाना होंगी। जबकि 40 पार्टियां दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए बुधवार को ही मतदान केंद्रों तक पहुंच गई हैं। चमोली जिले की तीनों विधानसभा में कुल 584 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। राज्य के 5,892 पोलिंग बूथों की लाइव वेबकास्टिंग की जाएगी, जिसे जिलों के अलावा राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम में भी देखा और सुना जा सकेगा। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए 15 हजार ईवीएम और वीवीपैट लगाई गई हैं। 19 अप्रैल को 55 प्रत्याशियों का भाग्य इनमें कैद हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया, प्रदेश में शुक्रवार को मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। शाम पांच बजे तक जो मतदाता मतदेय स्थल के भीतर प्रविष्ट हो जाएंगे, वह वोट डाल सकेंगे।



रुद्रपुर के बगवाड़ा मंडी से मतदेय स्थलों के पोलिंग पार्टियां रवाना होती।
-फोटो मुकेश गुप्ता

उत्तराखंड में कल होगा मतदान

# रामनवमी पर देर रात तक भक्तिमय रहा माहौल

नैनीताल

हमारे संवाददाता





नैनीताल में बुधवार को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर घरों के साथ ही नगर तथा आस पास के सभी मंदिरों में भक्तों ने विशेष पूजा अर्चना की गयी। सुबह से लेकर देर रात तक माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बना रहा।

रामनवमी के अवसर पर श्री राम सेवा दल ने बाइक रैली निकाली,जो डीएसए मैदान से बड़ा बाजार होते हुए माल रोड से हनुमानगढ़ी तक पहुंची और वापस डीएसए के समीप भगवा ध्वज के पास इसका समापन हुआ। और उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रशाद ग्रहण किया।

श्री राम सेवा दल के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि अब हनुमान जयंती के अवसर पर 22 अप्रैल (सोमवार) को चार्ट पार्क में भजन संध्या का आयोजन होगा और 23 अप्रैल (मंगलवार) को सुंदरकांड के पाठ के साथ ही भगवा ध्वज भी बदला जाएगा और प्रशाद वितरण किया जायेगा। वहीं कुमाऊं विश्वविद्यालय स्थित मां सिद्धिदात्री मंदिर में रामनवमी के अवसर पर विधिवत पूजा पाठ और हवन इत्यादि सम्पन्न हुआ। मुख्य पुजारी कमल किशोर जोशी और जजमान पदम सिंह बिष्ट सपत्नी और समस्त श्रद्धालुओं ने रामनवमी के अवसर पर विधिवत पूजा और हवन यज्ञ किया।

महर्षि विद्या मंदिर में नौ दुर्गा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें नन्हें- मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नौ दुर्गा माता सहित गणेश और हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत किए।

सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे द्वारा गुरु पूजन किया गया तथा ध्यान गुरु निलेश कुमार द्वारा सभी को भावातीत ध्यान कराया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी विद्यार्थी और कर्मचारियों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। उसके बाद नौ कन्याओं का विधि विधान कन्या पूजन किया गया। छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा शिक्षक.शिक्षकों द्वारा भी भजन कीर्तन हर्षोल्लास के साथ गाए गए। इस अवसर पर विद्यालय में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। श्री राम सेवक सभा में राम नौमी के अवसर पर भगवान राम का जन्म मनाया गया तथा प्रभु से प्रार्थना की गति की सभी सुखी एस्वस्थ एवम प्रसन्न रहे । सभा के बाल कलाकारों ने राम भजन आयेंगे आयेंगे राम आयेंगे---- तथा श्री राम चंद्र कृपालु भजमन ---- तथा अवध में राम आए हैं--- के साथ ही हनुमान चालीसा तथा हनुमानजी की आरती हुई तथा प्रसाद वितरण हुआ। इस अवसर पर मनोज साह,अशोक साह, गिरीश जोशी,जगदीश बावड़ी, राजेंद्र बिष्ट, विमल चौधरी तथा कोहली सिस्टर्स आदि उपस्थित रहे।

## 22 को होगी पर्यटक आवास गृह सूखाताल की नई कार्यकारिणी गठित

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि महासंघ का अधिवेशन 22 अप्रैल (सोमवार) को पर्यटक आवास गृह सूखाताल (नैनीताल) में होगा जिसमें महासंघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। गुरुरानी के मुताबिक पुरानी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त हो गया है।

उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी के चुनाव सभी जनपदों से आए कर्मचारियों के द्वारा संपन्न कराया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिवेशन में ही भावी रणनीति तय की जाएगी जिसमें कई वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण केलिए लड़ाई लड़ी जाएगी ,वहीं निगम स्तरीय समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। दूसरी ओर महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कर्मचारी पर्यटक आवास गृह सुखताल पहुंचे। महासंघ के उपाध्यक्ष पीतांबर दुमका ने कहा कि इस अधिवेशन में सबका पहुंचना नितांत आवश्यक है।



# पंतनगर एयरपोर्ट का तुरंत जीर्णोद्धार की उठाई मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नयना देवी व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन ने प्रदेश सरकार से गुजारिश की है कि पंतनगर एयरपोर्ट का तुरंत जीर्णोद्धार कराया जाए।

टंडन ने कहा कि हवाई बातें प्रदेश सरकार द्वारा काफी वर्षों से करी जा रही हैं लेकिन नतीजा नील बटे सन्नाटा ही है। अब पंतनगर पर बड़ा हवाई जगह उतारने का समय है लेकिन दुख होता है कि पंतनगर के प्रति ऐसा सौतेला व्यवहार देख जहां आज भी यात्रियों का सामान विमान से उतर केवल हवाई अड्डे के कमरे में ला कर रख दिया जाता है। एक कन्वेयर बेल्ट तक नहीं है। बड़ा जहाज आ नहीं सकता केवल छोटा आता है। वो भी केवल दो तीन शहरों और अब तो पंतनगर से राजधानी देहरादून जाने के लिए भी फ्लाइट नहीं है। ऐसा लगता है कि वाक ई में कुछ खास ही प्यार है कुमाऊँ के इस गेटवे एयरपोर्ट से जिसमे एक ढंग का शौचालय तक नहीं है।

महिला चले जाए तो पुरुष नहीं जा सकता और विपरीत भी। टंडन के मुताबिक मामले में अगर प्रदेश सरकार जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश की अधिसूचना जारी हुई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल सहित देश के 64 अन्य विश्वविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिये चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा की अधिसूचना जारी हो गई है।

मामले में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के शिक्षाशास्त्र संकाय के प्रभारी व संकायाध्यक्ष प्रो0 अतुल जोशी ने बताया कि विगत शिक्षण सत्र 2023-24 से पायलट मोड में प्रारंभ हुए इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं के चयन हेतु देशव्यापी आधार पर प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराने का दायित्व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के पास है जिसके द्वारा निर्गत कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा-2024 में सम्मिलित होने के इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा 12 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024 के मध्य राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाईट के माध्यम से आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। प्रो.जोशी के मुताबिक इस परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को 1200 रुपये जबकि ओबीसी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी को 1000 रुपये तथा एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूबीडी और थर्ड जेंडर वर्ग के अभ्यर्थियों को 650 रुपये शुल्क जमा करना होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस वर्ष प्रवेश परीक्षा का आयोजन 12 जून 2024 को किया जाएगा। प्रो. जोशी ने बताया कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में प्रीपेटरी बी0 एड0 पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत चार वर्षीय बी0ए0ए बी0कॉम0 तथा बी0एससी0 के साथ बी0एड0 में प्रति पाठ्यक्रम 50 कुल 150 छात्र छात्राओं को प्रवेश प्रदान किए जाएंगे। इस पाठ्यक्रम को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य तथा रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

ज्ञात हो कि विगत वर्ष उत्तराखंड में राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा-2024 का आयोजन हल्द्वानी तथा देहरादून तथा हरिद्वार में किया गया था। इस वर्ष प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित स्थानों की जानकारी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा मई 2024 के अंतिम सप्ताह में दी जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

## NEWS / फटाफट

### सीएम धामी ने किए कैंची मंदिर के दर्शन



**नैनीताल।** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कैंची मंदिर में बाबा नीमकरोली के दर्शन किए और लोक सभा की सभी पांचों सीटों पर जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। इससे पूर्व मुख्यमंत्री धामी ने रामशिला पर पुष्प चढ़ाए और वहां पर बैठकर कुछ देर के लिए ध्यान किया,बाद में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि उत्तराखंड की पांचों लोक सभा सीटें भाजपा की झोली में जाएंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विकास और जनहित में उठाए गए ठोस कदमों के कारण जनता मोदी को फि र दोबारा प्रधानमंत्री देखना चाहती है। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि व भाजपाई मौजूद थे।

### पंगूट से रातीघाट मार्ग बंद, लोग परेशान

**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती क्षेत्र पंगूट से रातीघाट मार्ग बंद होने से कई गांव के ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग द्वारा मार्ग को अचानक बंद कर देने से स्कूलों बच्चों सहित बुजर्गों को पैदल रास्ता तय करना पड़ रहा है जिसको लेकर अब ग्रामीण अदालत की शरण में जाएंगे। दूसरी ओर मामले में वन विभाग का कहना है कि पंगूट- रातीघाट जाख मार्ग आरक्षित वन व नैना देवी हिमालयन पक्षी संरक्षण के तहत आता है इसलिए मार्ग में वाहनों के प्रवेश को बंद कर दिया गया है जबकि पैदल चलने वालों के लिए मतंग का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### ए टेक्स्ट बुक ऑफ लाइकेन द लाइकेनिनाइज फंजाई नामक पुस्तक का विमोचन



**नैनीताल।** ए टेक्स्ट बुक ऑफ लाइकेन द लाइकेनिनाइज फंजाई नामक पुस्तक का विमोचन फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर रूप लाल ने किया। बता दें कि पुस्तक को एलिट पब्लिशिंग हाउस न्यू दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। लाइकेन जो फंजाई तथा शैवाल से मिलकर बनते हैं एक सिंबायोटिक एसोसिएशन है। पुस्तक को 12 चैप्टर्स में रखा गया है जिसमें प्रस्तावना, इतिहास, कलेक्शन, प्रिजर्वेशन, मॉर्फोलॉजी, एनाटोमी तथा हैबिट, रिप्रोडक्शन, क्लासिफिकेशन तथा फिजियोलॉजी, केमिस्ट्री तथा इकोलॉजी व इकोनॉमिक इंपोर्टेंस ऑफ लाइकेन का वर्णन है। पुस्तक को प्रो. सुरेश चंद्र सती पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डीएसबी तथा डॉक्टर प्रभा पंत वनस्पति विज्ञान द्वारा लिखा गया है । पुस्तक बीएससी तथा एमएससी के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है। इस मौके पर कई गुरुजन मौजूद रहे।


### टेरा आर्केटक्र्ट कार्यालय का शुभारंभ

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने भवाली श्यामखेत मोटर मार्ग पर टेरा आर्केटक्र्ट कार्यालय का शुभारभ किया। कर परिवार जनों को प्रॉन्सिपल सुष्मिता विष्ट के परिवार जनों को शुभ कामनाएं दी। इस दौरान प्रमुख ने कहा पहाड़ की भौगोलिक स्थिति के अनुसार निर्माण कार्य करने वाले लोगो को मानचित्र बनाना चाहिए ताकि निर्माण कार्य में भविष्य में किसी भी प्रकार का खतरा न हो बिल्डिंग निर्माण जमीनों को सुरक्षित रखने में आर्किटेक्ट का अहम योगदान है। कहा कि इन निर्माण कार्यों के लिए आर्किटेक्ट की सलाह अवश्य लेनी चाहिए ताकि अपनी जमीनों के साथ.-साथ आवासों को भी सुरक्षित रख सकें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान हेमा आर्य,राधा कुल्याल,लता पलडिया, गणेश जोशी, जमन सिंह बिष्ट,प्रदीप कुमार, दीपू साह, संजय कुमार, प्रेम कुल्याल, नवीन क्वीरा, दुर्गा दत्त तथा कमल सहित अनेकों लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट ने प्रॉन्सिपल सुष्मिता विष्ट के परिवार जनों को बधाई दी।

# ड्यूटी के लिए जा रहा युवक से बाइक सवार ने लूटा मोबाइल, पीड़ित से गुम होने की ली तहरीर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



कोतवाली की चौकी रम्पुरा क्षेत्र में बाइक सवार ने ड्यूटी पर जा रहा वाहन चालक से मोबाइल लूटने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। हालांकि पुलिस ने पीड़ित ने से गुम होने की तहरीर ली है।

जानकारी के मुताबिक धर्मेंद्र सिंह पुत्र विश्राम सिंह निवासी जिला पीलीभीत के थाना बिलसंडा करेली ने पुलिस को बताया कि वह भदईपुरा में साथ वाले लड़कों के रह रहा है और वह गुरुवार की सुबह आठ बजे भदईपुरा से बीएचईएल को जाने वाले रोड से गाड़ी चलाने को जा रहा। इसी बीच रास्ते में पीछे से आ रहा बाईक सवार ने उसके हाथ से मोबाइल लूट लिया।

बताया कि जब तक वह कुछ समझ पाता,तब तक बाईक सवार मौके से भागने में सफल हो गया। पीड़ित के मुताबिक रम्पुरा पुलिस चौकी पर पहुंच घटना की जानकारी दी। पीड़ित ने चौकी पर तैनात एक पुलिस कर्मी से रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई। पीड़ित के मुताबिक पुलिस ने उससे मोबाइल गुम होने की तहरीर ली है। साथ ही शपथ पत्र भी मंगाया। पुलिस ने मोबाइल गुम होने की सूचना दर्ज की है। फिलहाल क्षेत्र में मोबाइल लूटने की सूचना गुम होने में दर्ज होना चर्चा बना है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## बिजली संकट गहराया

*सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं।*

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन करने के लिए आंदोलन करने वालों का दावा था कि पर्वतीय राज्य को हर तरह से खुशहाल बनाया जायेगा। देश के बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का हिस्सा होने से विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर गंगा, यमुना, कोसी, सरयू आदि नदियों के जल का उपयोग करके पनबिजली से ऊर्जा प्रदेश बनाने की बात राज्य सरकारें करती रही हैं। जरूरत से अधिक बिजली को बेचकर राजस्व प्राप्ति की बात भी कही। सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं। सर्दियों में हिमपात और बारिश कम होने से नदियों का जलस्तर गिर गया है। पनबिजली परियोजनाओं में उत्पादन घटता जा रहा है। राज्य सरकार ने सेंट्रल पूल और खुले बाजार से बिजली लेकर आपूर्ति की कोशिश की है, लेकिन मांग लगातार बढ़ने से बिजली संकट गहराता जा रहा है। मानसून आने पर नदियों का जल स्तर बढ़ेगा, परन्तु पनबिजली उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा, क्योंकि सिल्ट आने से हाइड्रो प्रोजेक्ट की टरबाइन नहीं चल पाती हैं। राज्य का गठन होने के ढाई दशक बाद भी पनबिजली के अलावा ऊर्जा के अन्य स्रोत नहीं तलाशे गये। जी-20 के तहत राज्य सरकार ने निवेशकों से समझौते किये हैं। उद्यम बढ़ने पर ऊर्जा की मांग स्वतः बढ़ेगी। केन्द्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र घरों में स्थापित करने के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। सम्पन्न वर्ग सोलर एनर्जी के लिए आगे आ रहा है। निम्न तबके के लोग सोलर एनर्जी से लाभान्वित हो पायेंगे, इसमें संदेह है। पर्वतीय क्षेत्र और उद्योगों को विद्युत के लिए राज्य सरकार को ही उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। बिजली संकट के कारण निवेशक उत्तराखंड से मुंह मोड़ सकते हैं। पृथक राज्य का गठन होने पर औद्योगिक आस्थानों में उद्यमियों ने फैक्ट्रियां इस उम्मीद से स्थापित की थीं कि ऊर्जा प्रदेश कहे जाने वाले उत्तराखंड में अनवरत बिजली मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश में ऊर्जा संकट था। वर्तमान में उत्तराखंड में भी उद्योगों और घरेलू उपभोक्ता बिजली को तरस रहे हैं। बिजली संकट से चौतरफा असर होगा और विकास थम जायेगा।

# लगातार धधक रहे जंगल, वन संपदा खाक

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गर्मी में जंगली जानवर आबादी की ओर आ सकते हैं, जिसे देखते हुए सभी डीएफओ को सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।

उत्तराखंड में इस साल जंगल अधिक धधक रहे हैं। तेज गर्मी और ऊपर से जंगलों में आग से वन्य जीवों की जान पर बन आई है। उनके सामने पानी और भोजन का संकट पैदा होने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में शिकार का भी खतरा बना है।

रानीखेत-हल्द्वानी हाईवे पर भुजान और बमस्यू के जंगल में आग से लाखों की वन संपदा जल गई। भुजान और बमस्यू के जंगल में मंगलवार शाम आग लग गई। पूरी रात जंगल धू-धूकर जलता रहा लेकिन वन विभाग घटना से बेखबर रहा। ऐसे में दो हेक्टेयर से अधिक जंगल को नुकसान हुआ है। वहीं जैठा, उपराड़ी, पिलखोली सहित आसपास के जंगलों में भी आग लगने से वन संपदा को खासा नुकसान पहुंचा है।

बागेश्वर जिले में के दुग नाकुरी तहसील क्षेत्र में चिड़ंग के जंगल में आग लगी रही। दोपहर बाद लगी आग की सूचना आसपास के लोगों ने वन विभाग को दी। वहीं जिले के बागेश्वर, कांडा, कपकोट, काफलीगैर, गरुड़ के जंगलों में रोजाना आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, वन विभाग की टीम मौके पर जाकर तत्काल आग को काबू कर रही है। इधर, रेंजर श्याम सिंह करायत ने बताया कि विभाग के अधिकांश कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में तैनात हैं।



## बेलुवाखान के जंगलों में धधकी आग

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र बेलुवाखान के जंगलों में बुधवार की शाम के समय अचानक आग लग गई है, तेज हवा चलने से थोड़े समय बाद आग भीषण हो गई,जिससे दूर दूर तक आग की लपटें दिखाई दी, सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने आग को बुझाया। नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही विभाग के कर्मचारियों को आग बुझाने के लिए भेजा गया,किसी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है।आग पर काबू पा लिया गया है।

## दिनेश और अक्षिता ने जीता स्वर्ण पदक

**अल्मोड़ा**

हमारे संवाददाता

हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में जिला स्तरीय बालक-बालिका वर्ग की ओपन टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुई। बालक वर्ग में दिनेश कनौजिया और बालिका वर्ग में अक्षिता पांडे ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में जिले के 22 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बनग्याल ने बताया कि बालक वर्ग में गौरव कनौजिया ने रजत, अशोक मेहता और प्रतीक ने कांस्य पदक जीता। बालिका वर्ग में निहारिका आर्या ने रजत, दीपिका कनौजिया और जिज्ञासा बिष्ट ने कांस्य पदक अपने नाम किया। धीरज रावत, चंदन मेहरा, हरेंद्र प्रसाद, निर्मला नैलवाल मैच के निर्णायक रहे। यहां प्रेम सिंह रावत, योगेश कुमार, मदन कुमार मौजूद रहे।




## प्रधानमंत्री की लिखी कविताओं का किया गढ़वाली में अनुवाद

**देहरादून।** चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम ने सुजाता डबराल नौडियाल के पीएम मोदी की लिखी कविताओं के गढ़वाली भाषा में अनुवाद के प्रयोग की सराहना की और कवियित्री को शुभकामनाएं दीं। उत्तराखंड की सुजाता डबराल नौडियाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लिखी कविताओं के संग्रह का अनुवाद गढ़वाली में किया। चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम ने बुधवार को प्रदेश पार्टी कार्यालय में उनकी इस पुस्तक आंखा यो धन छन का विमोचन किया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम BAJIDER KAUR GUJRAL से बदलकर BAJINDER KAUR रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे BAJINDER KAUR नाम से जाना पहचाना जाए। - **बजिंदर कौर पत्नी इन्दरजीत सिंह गुजराल, 3/262, गोविंदपुरा, भोटिया पड़ाव, हल्द्वानी (नैनीताल)**

## बाइक और कार की टक्कर में युवक गंभीर

**नैनीताल।** नैनीताल- हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में बल्दियाखान क्षेत्र में एक बाइक और इनोवा कार की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से चोटिल हो गया जबकि दूसरा मामूली रुप से चोटिल हुआ। हादसे के बाद इनोवा चालक दोनों घायलों को लेकर राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले आया। जहां से एक चोटिल को हायर सेंटर रेफ र कर दिया गया है। मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात बिडला निवासी हेमंत अपने इनोवा वाहन से हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहा थे, वह बल्दियाखान के समीप पहुंचा ही थे कि मोड़ में अचानक सामने से आती बाइक उसके वाहन से टकरा गई। हादसे में ज्योलीकोट में रहने वाले आशीष कुमार व फ रहान गंभीर रुप से चोटिल हो गए। इस बीच क्षेत्र से गुजर रही एफ एसटी टीम की मदद से कार चालक ने घायलों को नैनीताल स्थित राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां फरहान की हालत गंभीर होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं आशीष को उपचार के बाद छुट्टी दे दी है। मामले में ज्योलीकोट चौकी के इंचार्ज अविनाश मौर्य ने बताया कि फिलहाल किसी पक्ष की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# फिल्मी दुनिया

## दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में अभिनेत्री का नाम शामिल



*बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। अभिनय के साथ-साथ उन्होंने प्रोडक्शन में भी कदम रखा है। अब हाल ही में, टाइम्स मैगजीन ने साल 2024 के सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में अभिनेत्री आलिया भट्ट का नाम शामिल है। उन्होंने अपने काम से न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बनाई है। टाइम्स मैगजीन की लिस्ट में आलिया भट्ट को अद्भुत टैलेंट बताया गया है। इसके अलावा इंडियन-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और फेमस सिंगर दुआ लीपा का नाम भी इस लिस्ट में शामिल किया गया है। इस लिस्ट की घोषणा करते हुए आलिया भट्ट की प्रोफाइल में लिखा गया है कि वह दुनिया की टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह एक दशक से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में सराहनीय काम कर रही हैं। इसी के साथ उनकी नेकदिली और ईमानदारी की भी तारीफ की गई है। बता दें कि अभिनेत्री आलिया ने टॉम हार्पर के साथ अपनी पहली हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में काम किया है। मालूम हो कि 100 प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में ऑस्कर विजेता डा वाइन जॉय रैंडोल्फ और ऑस्कर नामांकित अभिनेता जेफरी राइट और कोलमैन डोमिंगो का नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा ताराजी पी हेंसन, इलियट पेज, माइकल जे. फॉक्स, सोफिया कोपोला और हयाओ मियाजाक ने भी लिस्ट में अपनी जगह बनाई हैं। यही नहीं, भारतीय मूल के अभिनेता देव पटेल का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। बता दें कि अभिनेता की प्रोफाइल गेट आउट और नोप अभिनेता डैनियल कलुया ने लिखी थी।*

### इन फिल्मों में आएंगी नजर

*वहीं, आलिया भट्ट के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आई थीं। फिलहाल वह जिगरा की शूटिंग में बिजी हैं। इसके अलावा वह संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में भी नजर आएंगी।*

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग यंग ब्वायज और डीके स्पोर्ट्स जीते

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के दिशा निर्देश पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-16 जिला लीग का मैच एमएस मैदान गौलापार में यंग ब्वायज क्रिकेट एकेडमी और काठगोदाम स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम के मध्य खेला गया।

यंग ब्वायज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36 ओवर में सभी विकेट खोकर 135 रन बनाये। टीम के लिये चेतन्य लोहनी ने 62 रन, मनीष रौतेला ने 21 रन का योगदान दिया। काठगोदाम स्पोर्टस के लिये प्रियंक तिवारी ने 5 विकेट व नितिन ने 2 विकेट लिये,जबाब में खेलने उतरी काठगोदाम स्पोर्टस की टीम 29 ओवर में सभी विकेट खोकर 82 रन पर पवेलियन लौट आई,और 53 रन से मैच हार गईं,टीम के लिये अमन पाठक ने 24 व नीतीश ने 18 रन का योगदान दिया,यंग बॉयज के लिये पीयूष जोशी 5 विकेट ,मनीष रौतेला ने 3 विकेट लिये,दूसरा मैच कॉर्बेट मैदान चकलुवा में डी के स्पोर्ट्स और कुमाऊँ क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया। डी के स्पोर्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 367 रन बनाये ,टीम के लिये अथर्व अग्रवाल ने शतकीय पारी खेलते हुऐ 158 रन का योगदान दिया। वेदांत बिष्ट और आयुष जोशी ने 45-45 रन का योगदान दिया। कुमाऊँ के लिये अमित पटवाल और पार्थ मठपाल ने 2-2 विकेट लिये,जबाब में खेलने उतरी कुमाऊँ क्रिकेट एकेडमी की पूरी टीम 35 वे ओवर में 136 रन पर सिमट कर 231 रन से मैच हार गईं।

टीम के लिये मनमोहन भंडारी ने 86 रन का योगदान दिया,डी के स्पोर्ट्स के लिये पृथ्वी रावल-वेदांत बिष्ट ने 3-3 विकेट लिये। अंपायर विजय आर्या , गौरव कांडपाल, कुशाल बिष्ट, हरप्रीत कंबोज जबकि स्कोरर नीरज पनेरू थे।

## News कॉर्नर

### बुजुर्ग महिला सीढ़ियों से गिरी, हायर सेंटर रेफर

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती सौड़ क्षेत्र में घरेलू कार्य करने के दौरान बुजुर्ग महिला सीढ़ियों से गिर गई। इस दौरान महिला के सिर पर गंभीर चोट आ गई। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सौड़ बासी निवासी नंदी देवी (65) बुधवार सुबह घर पर काम कर रही थी। सीढ़ियों से उतरने के दौरान वह अनियंत्रित होकर सिर के बल नीचे गिर गई और उसके सिर में चोट लग गई। जिसके बाद परिजन उसको निजी वाहन से तत्काल राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले आये। जहां उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि सिर से अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

### दो मई को होगी पूर्व सैनिकों की भर्ती

**अल्मोड़ा।** कुमाऊं और नागा रेजिमेंट के पूर्व सैनिकों फिर सेवा का अवसर मिलेगा। कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर रानीखेत में दो मई को पूर्व सैनिकों के लिए डीएससी की भर्ती का आयोजन किया जायेगा। सिपाही जनरल ड्यूटी और सिपाही क्लर्क (एसडी) के पदों के लिए प्रस्तावित भर्ती में मेडिकल केटेगरी शेप-1 वाले पूर्व सैनिक हिस्सा ले सकेंगे। केआरसी भर्ती अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सिपाही जनरल ड्यूटी के लिए 31 मई 2022 से 30 अप्रैल 2024 तक सेवानिवृत्त हुए 46 साल से कम आयु के अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते है। उनकी सेवानिवृति की अवधि दो साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। सिपाही क्लर्क (एसडी) के लिए 31 मई 2019 से 30 अप्रैल 2024 तक सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिक भर्ती में शामिल होंगे। उनकी सेवानिवृति की अवधि पांच साल से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# उत्तराखंड: कल ईवीएम में कैद होगी राजनैतिक पार्टियों की कुंडली

उत्तराखंड

सलीम खान, हल्द्वानी

लोकतंत्र का महापर्व अब महज एक दिन दूर है। उत्तराखंड में कल ईवीएम में राजनैतिक पार्टियों की कुंडली कैद होगी। मीडिया में राजनैतिक पार्टियों के भारी भरकम दावों का शोर साफ सुनाई दे रहा है। कोई पार्टी इस बार चुनाव में चार सौ पार का करती नहीं अघा रही है तो वहीं दूसरी तरफ अन्य पार्टियां महागठबन्धन के तहत एकजुट होने का दम भरते हुए मौजूदा केंद्र सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का दावा कर रही है। बहरहाल सत्तापक्ष और विपक्ष के इन दावों में कितना दम है, इसका पता तो 4 जून को चुनावी नतीजे आने के बाद साफ हो जाएगा। वहीं मतदाताओं की खामोशी ने प्रत्याशियों की नींद उड़ाई हुई है। चुनाव का ऊंट किस करवट बैठेगा, इसको लेकर न कहीं कोई चर्चा हो रही है और न ही कोई प्रतिक्रिया। मतदाता इस चुनावी शोर में खामोश खड़ा है। कही मतदाता की यह गहरी खामोशी आने वाले तूफान का इशारा तो नहीं है जो अपने प्रचन्ड वेग में सब कुछ तबाह करने की ताकत रखती है।



बहरहाल इस चुनावी घमासान का परिणाम चाहे जो भी रहे, पर मौजूदा समय में मीडिया के भीतर राजनैतिक पार्टियों के बीच जो वाक युद्ध चल रहा है उसे किसी रणक्षेत्र से कम नहीं आंका जा सकता। सतारूढ़ पार्टी भाजपा जहां चुनाव प्रचार में इस बार 400 पार का डंका मीडिया व रोड शो में पीटती नजर आ रही है, यह अलग बात है कि आम मतदाता उनके इन दावों से कितना इत्तेफाक रखता है। क्योंकि सत्ता की सीढ़िया कौन चढ़ेगा यह तो जनता को तय करना है ना कि राजनीतिक दलों के दावों का शोर। जनता जनार्दन की चौखट पर पार्टियों के दावों को कार्यरूपी कसौटी पर परखा जाता है। और वही से शुरू होता है जनप्रतिनिधियों के सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने व उतरने का सफर। क्योंकि ये जो पब्लिक है न, ये सब जानती है।

### थम गया प्रचार जनता करने लगी विचार

सभी राजनीतिक पार्टियों ने बीते दिवस चुनावप्रचार के चलते अपनी पूरी ताकत झोंक दी है कल शाम से 5:00 से ही प्रचार थम चुका है अब जनता जनार्दन विचार करने में जुड़ गई है जनता का विचार ही नेताओं की नैया पार लगाएगा।



# रुद्रपुर में हाईवे पर कैंटर में धधकी आग, सड़क पर मची अफरातफरी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बुधवार शाम को एनएच 74 काशीपुर रोड पर हाइवे किनारे खड़ा कैंटर में आग लग गई। कैंटर धू धू कर जलता देख अफरातफरी मच गई। यातायात प्रभावित हो गया।

सूचना पर पहुंची अग्निशन विभाग की टीम ने आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया। हालांकि कैंटर का केबिन जल गया। काशीपुर रोड कीरतपुर मोड़ पर एक फैक्ट्री के गेट पर चालक कैंटर खड़ा कर कहीं चला गया था। इसी दौरान कैंटर में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने कैंटर की केबिन को अपनी चपेट में ले लिया और कैंटर का केबिन आग की लपटों की चपेट में आ गया।

बताया जाता रहा है कि कैंटर में आग लगता देख वहां पर अफरातफरी मच गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा होने लगी। इसी बीच फैक्ट्री की रेलिंग पर खड़े व्यक्ति ने पाइप के सहारे पानी डाल कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। परंतु पानी की धार में दम नही होने के कारण आग नियंत्रण में नही आई और तेजी से फैलती चली गयी। इसी बीच किसी ने आग की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। इस पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी इशान कटारिया टीम के साथ मौके पर पहुंचे।



**घटना**
- मौके पर पहुंची अग्निशन विभाग की टीम ने आग पर पाया काबू

अग्निशमन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग को केबिन से आगे बढ़ने से रोक दिया। हालांकि कैंटर की केबिन जल गई। किसी तरह की जनहानि की खबर नहीं है।

# रुद्रपुर फ़ायर स्टेशन रुद्रपुर में अग्निशमन सेवा सप्ताह

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस उप महानिरीक्षक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं, एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी के आदेशानुसार अग्निशमन अधिकारी रुद्रपुर गिरीश सिंह बिष्ट के निर्देशन में औद्योगिक संस्थानों में अग्निसुरक्षा अवेयरनेस प्रोग्राम चलाएं जाने व फ़ायर ड्रिल कराए जाने के तहत लीडिंग फायरमैन प्रकाश चंद्र पांडेय ने यूनिट को साथ में लेकर बालाजी हर्बल रुद्रपुर में अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया। इसके साथ ही मौजूद कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण देने के बाद फ़ायर ड्रिल का आयोजन कराया गया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने उक्त अवेयरनेस प्रोग्राम व फ़ायर ड्रिल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। सीएफओ ईशान कटारिया ने बताया कि अग्नि शमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।

**तैयारी**
- औद्योगिक संस्थानों में अग्नि सुरक्षा अवेयरनेस प्रोग्राम व फ़ायर ड्रिल कराए



# रामनवमी पर भाजपा नेता चुघ पहुंचे कुष्ठ आश्रम, पूजा अर्चना में भाग लिया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रामनवमी के अवसर पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ किच्छा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम पहुंचे और बतौर यजमान उन्होंने वहां पूजा अर्चना की। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया।

रामनवमी को लेकर कुष्ठ आश्रम में 24 घंटे तक राम नाम का जाप किया जाता है उसके पश्चात अगले दिन हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में यजमान भाजपा नेता चुघ रहे। उन्होंने भगवान से आशीर्वाद लेकर देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने और नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सीट से दूसरी बार सांसद बनने की कामना की। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी वर्गो का विकास करती है।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा की लहर चल रही हैं। इस दौरान हयात राम, नारायण सिंह ,उमाशंकर कौशल ,रामचंद्र पुजारी ,दिलीप सिंह ,राजू सिंह, शिव कुमार शिबू समेत कुष्ठ आश्रम के तमाम लोग मौजूद थे।



### तेंदुए की धमक से ग्रामीणों में दहशत

**अल्मोड़ा।** ताड़ीखेत विकासखंड के गावों में तेंदुए की धमक से ग्रामीणों में दहशत है। एक सप्ताह के भीतर तेंदुआ छह से अधिक कई पालतू और लावारिस जानवरों को मार चुका है, इससे वन विभाग की नींद भी उड़ी है।

विकास खंड ताड़ीखेत के टुनकोट, बजोल, बजीना, रिखोली, खड़गोली, अमयाड़ी, कारचूली सहित अन्य गांवों में तेंदुए से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। शाम होते ही तेंदुआ घरों के आसपास पहुंच जा रहा है। इस वजह से महिलाएं घास, लकड़ी लेने जंगल नहीं जा रही हैं।

# उधार दी गई रकम वापस मांगी तो बुजुर्ग दंपति को मिली धमकी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मल्लीताल मेट्रोपोल क्षेत्र से अतिक्रमण हटने के दौरान हटाए गए दंपति को तल्लीताल हरिनगर निवासी एक बुजुर्ग ने किराये में कमरा दिया।

कुछ माह का किराया देने के दौरान भवन में कुछ कार्य कराने की बात कहकर दंपति ने बुजुर्ग से 50 हजार की रकम भी उधार ले ली। जिसके बाद किराया देना बंद कर भवन में कब्जा करना शुरु कर दिया। जब बुजुर्ग ने किराया व उधार दी गई रकम वापस मांगी तो दंपति उसे फंसा देने की धमकी देने लगे। बुजुर्ग की शिकायत पर तल्लीताल पुलिस ने दंपति के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। हरीनगर निवासी नरोत्तम जोशी ने तल्लीताल थाने में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि मेट्रोपोल कंपाउंड में अतिक्रमण टूटने के बाद एक दंपति अपने बच्चे के साथ उनके घर पहुंचे थे। जिनकों उन्होंने भवन का ऊपरी तल पांच हजार महीना किराये में दे दिया।

कुछ माह तक दंपति नियमित किराया देते रहे। इस बीच उन्होंने भवन के पीछे की ओर दुकान खोलने के लिए उनसे दो किश्तों में 50 हजार की रकम भी उधार ले ली। जिसके बाद कई माह से उसे भवन का किराया भी नहीं दिया। कई माह तक किराया नहीं मिलने पर बीते दिनों उन्होंने उधार दी गई रकम व किराया मांगा तो दंपति अपनी उसे फंसाने की धमकी देने लगे। जिससे वह डर गए। उन्होंने 112 पर पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए मदद मांगी। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि शिकायत पर किरायेदार अनुज अग्रवाल के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाइ की गई है। साथ ही तत्काल किराया व उधार ली गई रकम वापस कर भवन खाली कराने के निर्देश दिये गए है।

# बगवाड़ा मंडी से पोलिंग पार्टियां ईवीएम मशीन लेकर रवाना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तराखंड की पांचों सीट के लिए कल मतदान होगा। इसके लिए नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट के लिए ऊधम सिंह नगर जनपद की 9 विधान सभाओं के लिए, किच्छा रोड बगवाड़ा मंडी से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। गुरुवार को सुबह से ही बगवाड़ा मंडी में कार्मिक कर्मी पहुंचना शुरू हो गए। वहां पर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने चुनाव में लगाए गए कार्मिकों को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए निर्देश दिए। इसके बाद पोलिंग पार्टी ईवीएम मशीन लेकर मतदान केंद्र के लिए रवाना हो गई। इस बार सभी 9 विधान सभाओं को कलर कार्ड दिया गया था। ताकि पोलिंग पार्टियो को दस्तावेज और ईवीएम लेने में आसानी हो। संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने बताया की जनपद में 1465 कुल मतदेय स्थल है जिसमे से 18 पिंक बूथ है तथा 647 बूथ प्रदर्शनी शामिल है। जिनमे कुल 5773 पुरुष कार्मिक तैनात किये गये है। जबकि पिंक बुथ में 72 महिला कार्मिक के साथ ही 144 रिजर्व में रखे गये है। इसी तरह प्रदर्शनी बुथों पर 647 महिला कार्मिक लगायी गयी है व 184 रिजर्व में रखे गये है। आज देर शाम तक पोलिंग पार्टी अपने अपने बूथ में पहुंच जाएंगी। प्रत्येक बूथ में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। सुरक्षा की दृष्टि से जनपद को 3 सुपर जोनों में बांटा गया है, प्रथम जोन में जसपुर, काशीपुर व बाजपुर रखा गया है, द्वितीय जोन गदरपुर, रूद्रपुर व किच्छा एवं तृतीय जोन में सितारगंज, नानकमत्ता व खटीमा रखा गया है। इसी के साथ



### चुनाव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए

जनपद के एसएसपी डॉ मंजुनाथ टीसी ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा में सात हजार से अधिक फोर्स को तैनात किया गया है। स्ट्रांग रूम क्षेत्र को थ्री लेयर सुरक्षा में रखा गया है। इसके साथ साथ कल जोनल, सैक्टर मजिस्ट्रे व पुलिस अधिकारी वायरलैस के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। प्रत्येक विधानसभा में पुलिस वायरलैस टीमें भी लगाई गयी है।

जनपद में 21 जोन व 119 सैक्टर बनाये गयें है।